मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-539
16/10/2023

# ‘जनता के दरबार में मुख्यमंत्री’ कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री, 117 लोगों की सुनी समस्यायें, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

पटना, 16 अक्टूबर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज 4, देशरत्न मार्ग स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर में आयोजित ‘जनता के दरबार में मुख्यमंत्री’ कार्यक्रम में शामिल हुए। ‘जनता के दरबार में मुख्यमंत्री’ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 117 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

आज ‘जनता के दरबार में मुख्यमंत्री’ कार्यक्रम में सामान्य प्रशासन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पंचायती राज विभाग, ऊर्जा विभाग, पथ निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, जल संसाधन विभाग, उद्योग विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, परिवहन विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, लघु जल संसाधन विभाग, योजना एवं विकास विभाग, पर्यटन विभाग, भवन निर्माण विभाग, वाणिज्य–कर विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, गन्ना (उद्योग) विभाग तथा विधि विभाग से संबंधित मामलों पर सुनवाई हुयी।

‘जनता के दरबार में मुख्यमंत्री’ कार्यक्रम में मुजफ्फरपुर जिले से आए श्री मनोज कुमार ने फरियाद करते हुए कहा कि हमलोग जहां रहते हैं वो महादलित टोला है, वहां संपर्क पथ नहीं बन पाया है, इसका निर्माण कार्य शीघ्र शुरु कराया जाए ताकि हमलोगों का आवागमन आसान हो सके। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

गया जिले से आये श्री बृजनंदन पाठक ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुये कहा कि गया शहर में पेयजल आपूर्ति योजना के क्रियान्वयन में बुडको द्वारा अनियमितता बरती गयी है। बुडको द्वारा जितना काम किया जाना था, उसका काफी काम अधूरा है। मुहल्लों में ठीक ढंग से पाइप नहीं बिछाया गया है। नये जलापूर्ति केन्द्रों का निर्माण, पुराने पानी टंकियों की मरम्मती, नये पानी के टंकियों का निर्माण जैसे कार्य अभी अधूरे पड़े हैं। इन कार्यों को पूर्ण कराया जाय। मुख्यमंत्री ने नगर विकास एवं आवास विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

गया जिले से आए श्री रंजीत कुमार ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि बिहार राज्य फसल योजना के तहत रबी फसल के लिए वर्ष 2020 में आवेदन किया था लेकिन अब तक सहायता राशि नहीं मिल पायी है। मुख्यमंत्री ने सहकारिता विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बांका जिले से आये श्री राहुल कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री से निवेदन करते हुए कहा कि डीजल अनुदान वितरण में अनियमितता के कारण मुझे सहायता राशि नहीं मिली है, मेरे पंचायत के कुछ अन्य लोगों को भी इसका लाभ नहीं मिला है। मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

सीतामढ़ी जिले से आए श्री हरिनारायण पासवान ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लिए सेलेक्शन होने के बाद भी मुझे इसका लाभ नहीं मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग को जांचकर समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

समस्तीपुर जिले से आए श्री अमन कुमार ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि विभुतिपुर प्रखंड स्थित सकरी चौर में जलजमाव की समस्या है, इसका निराकरण कराया जाए ताकि लोगों को आवागमन में सहुलियत हो सके। वहीं समस्तीपुर जिले से ही आए श्री शिवशंकर साह ने मुख्यमंत्री से फरियाद करते हुए कहा कि इंदिरा आवास की दूसरी किश्त की राशि नहीं मिल पायी है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

अररिया जिले से आये श्री सुशांत कुमार पटेल ने मुख्यमंत्री से निवेदन करते हुए कहा कि हमलोगों के यहां का पुल क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे बच्चों की पढ़ाई भी ठीक से नहीं हो पा रही है, लोगों का आवागमन अवरुद्ध हो गया है। उस पुल की मरम्मत करायी जाए। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

गोपालगंज जिले से आये श्री राकेश राम ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरे परिजन की सड़क दुर्घटना में मुत्यु हो गई थी। सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर मिलने वाली सहायता राशि अब तक नहीं मिल पायी है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

शिवहर जिले से आयी श्रीमती ज्ञांति देवी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरी मां जल संसाधन विभाग के कार्यालय में परिचारी थीं। उनके देहांत के 10 साल गुजर जाने के बाद भी अब तक अनुकंपा के आधार पर नौकरी नहीं मिली है। मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

रोहतास जिले से आये श्री अमित कुमार ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि अनुचित बिजली बिल निर्गत कर दिया गया है, जिससे मुझे काफी परेशानी हो रही है। मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

औरंगाबाद जिले से आए श्री नंद किशोर कुमार ने फरियाद करते हुए कहा कि मुझे अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति उद्यमी योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

भोजपुर जिले से आए श्री रितेश कुमार ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि तरारी प्रखंड के अंतर्गत भोपतपुर मोड़ से निरंजनपुर मोड़ तक नहर पक्कीकरण का कार्य कराया जाए, इससे लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा सह योजना एवं विकास मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, जल संसाधन सह सूचना एवं जन सम्पर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, कृषि मंत्री श्री कुमार सर्वजीत, सहकारिता मंत्री श्री सुरेन्द्र प्रसाद यादव, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री ललित कुमार यादव, लघु जल संसाधन मंत्री श्री जयंत राज, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री मो0 आफाक आलम, पंचायती राज मंत्री श्री मुरारी प्रसाद गौतम, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, संबंधित विभागों के अपर मुख्य

सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह तथा वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा उपस्थित थे।

******